## मकान में लगी आग से तीन मवेशी झुलसे

**बिलसंडा , अमृत विचारः** गांव इरादतपुर पगार में एक ग्रामीण के मकान में अचानक लगी आग से तीन मवेशी झुलस गए। आग में गृहस्थी का सामान भी जल गया।

थाना क्षेत्र के गांव इरादतपुर निवासी नंदकिशोर ने बताया कि वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार को खेत पर गेहूं की कटाई करने गए थे। घर में उनकी पत्नी और बेटी थी। बताते हैं कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे अचानक उनके मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आकर मकान परिसर में बंधे तीनों मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में पैनल और बैटरी भी जल गई। गृहस्थी का सामान भी जल गया।

जिस वक्त आग ली उस समय आसपास के घरों में भी कम ही लोग मौजूद थे। लपटें उठतीं देख एकत्र हुए ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू किया। सूचना तहसील प्रशासन को दी गई। उधर, खेतों में खड़ी गेहूं की फसल इस समय पककर पूरी तरह तैयार हो चुकी है। खेतों के ऊपर से बिजली की लाइन भी गुजरी हुई है। ऐसे में आग की घटनाएं रोकने के लिए दिन में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जा रही है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रखी जा रही है।

# अकीदत और एहतराम के साथ नमाजियों ने अदा की अलविदा की नमाज

### अमन-चैन की दुआएं मांगीं, मस्जिदों के पास रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, जामा मस्जिद के बाहर एएसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान, एसएसबी व पुलिस रही तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


**अमृत विचारः** अकीदत व एहतराम के साथ नमाजियों ने चिलचिलाती धूप में अलविदा की नमाज अदा की। मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। नमाज के बाद दुआ के लिए बारगाहे इलाही में रोजेदारों के हाथ उठे। लोगों ने रब से मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआएं मांगी। सुबह से ही घरों में नमाज को लेकर उल्लास था। समय से पहले ही लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे। पेश इमाम ने रुखसत हो रहे रमजान को लेकर तकरीर की। शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इजहार अहमद खां ने अपनी तकरीर में कहा कि खुशनसीब हैं हम सब कि परवर दिगार ने इस मुकद्दस माह अता फरमाया।

जनपद में अलविदा की नमाज शुक्रवार को अकीदत के साथ अदा की गई। शाही जामा मस्जिद में सुरक्षा के सख्त इंतजाम के बीच पहुंचे रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा की। नमाज के लिए आम दिनों की अपेक्षा नमाजियों की भीड़ ज्यादा थी। नमाज के दौरान देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की गई। शुक्रवार को 11:30 बजे से शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करने वाले रोजेदारों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। नमाजियों ने मस्जिद में पहुंचने के बाद वजू किया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस, पीएसी के जवान तैनात रहे। आसपास के इलाकों और छतों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। मुख्य चौराहों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। चौकी प्रभारी गश्त करते रहे। अजान के बाद मस्जिद नमाजियों से भर गया। भीड़ ज्यादा होने के कारण काफी संख्या में नमाजियों को दूसरी मस्जिदों की ओर रुख करना पड़ा।

शुक्रवार दोपहर दो बजे शाही जामा मस्जिद में इमाम मौलाना इजहार अहमद खां बरकाती ने कराई। जहां अल्लाह की इबादत में हजारों अकीदतमंदों के हाथ उठे। उलेमा ने रमजान की फजीलत बयां की। कहा कि खुशनसीब हैं हम सब कि परवर दिगार ने इस मुकद्दस माह अता फरमाया। जामा मस्जिद के अलावा शाहजी मोहम्मद शेर मियां मस्जिद, अल्लाहू मियां मस्जिद, मोटा पाकड़, कुरैशियान, डालचंद, बेनी चौधरी आदि समस्त मस्जिदों में नमाज को सकुशल संपन्न कराकर पुलिस ने राहत की सांस ली।



शाही जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद से निकलते अकीदतमंद। ● अमृत विचार



जामा मस्जिद के बाहर नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चेक करते एएसपी विक्रम दाहिया।

### जामा मस्जिद रोड पर बड़े वाहनों की नो एंट्री

जामा मस्जिद रोड पर अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस सख्त रही। आयुर्वेदिक कॉलेज रोड से बड़े वाहनों को रोका गया। इसके अलावा प्रत्येक चौराहे पर पुलिस बल और ट्रैफिक पुलिस तैनात रहा। इसके अलावा मस्जिदों के बाहर भी पुलिस बल रहा। जामा मस्जिद पर खुद एएसपी विक्रम दाहिया, कोतवाल नरेश त्यागी और पुलिस बल के साथ सुरक्षा बंदोबस्त की कमान संभालने में जुटे रहे। उन्होंने फोर्स के साथ कमल्ले चौराहा तक पैदल मार्च भी किया।

### बच्चों ने रखा रोजा, नमाज के बाद की खरीदारी

अलविदा की नमाज को लेकर जामा मस्जिद के बाहर खिलौने आदि के अलावा पकवान की दुकानें सजी रही। जहां नमाज अदा करने के बाद निकले अकीकतमंदों ने अपने बच्चों के साथ जमकर खरीदारी की। नमकीन, खिलौने आदि की बच्चों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने अलविदा का रोजा रखा। मोहल्ला भूरे खां मस्जिद मोटा पाकड़ में रमजान मुकद्दस के महीने में कुरआन पाक मुकम्मल होने पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। मौलाना हाफिज कारी मोहम्मद इस्माइल साहब ने लगातार नमाजे तरावी के साथ कुरआन पाक सुनाया। मौलाना ने कहा कि कुरआन पाक की तिलावत हर घर में होनी चाहिए, उन घरों में कोई बीमारी परेशानी नहीं आएगी ।इसके अलावा मोहल्ला भूरे खां की रहने वाली आसिया खान के बेटे मोहम्मद मिनहाज ने अपने स्कूल के साथी मुजम्मिल खां, सहरीन फातमा, बन्नो बी, आसिया, मुदस्सिर खां, शब्लू खां के साथ अलविदा के दिन रोजा रखा। अल्लाह की इबादत की।

### बिलसंडा में शिद्दत के साथ अदा की अलविदा की नमाज

**बिलसंडा।** रमजान माह के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज नगर सहित ग्रामीण अंचलों की अन्य मस्जिदों में भी शिद्दत के साथ अदा की गई। बड़ी संख्या में नमाजी शरीक हुए। इस दौरान मस्जिदों में काफी–चहल पहल रही। नमाजियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा साफ सफाई के साथ अच्छी व्यवस्था की गई। मस्जिदों में नमाजियों के बैठने के लिए विशेष प्रबंध किया गया था। नगर की नूरी मस्जिद, जामा मस्जिद में नमाजी 12 बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे। मस्जिद कमेटी के सदर नवाबउल्ला खां लल्ला भाई ने बताया कि मस्जिद में पहले जाने का अधिक सबाब है। इसलिए पहले मस्जिद जाकर आगे के कतारों में लोग अपनी जगह सुनिश्चित कर लेते हैं ।शुक्रवार को इस्लामनगर मोहल्ले में अलविदा की नमाज को लेकर काफी चहल पहल देखने को मिली। बच्चों के लिए जामा मस्जिद ग्राउंड पर झूले एवं खेल तमाशे व दुकानें भी लगाई गयीं। इस दौरान मोहम्मद अंसार, राइस मिलर अंसार खां, अनवार खां, आफाक खां, मोहम्मद रेहान, अंसार मंसूरी, सुहेल हुसैन खान, वसीम सिद्दीकी, मुन्ने मियां, शाकिर हुसैन, असलम अंसारी, कुतबुद्दीन अंसारी, सरताज अल्वी आदि रहे।

## बूथों को मजबूत बनाएं जनप्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मंच पर मौजूद प्रदेश महामंत्री धर्मपाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी व अन्य।

- भाजपा के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने संगठन पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- ब्रज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह ने प्रधानमंत्री की सभा को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन एवं लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक धर्मपाल शुक्रवार को पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों संग चुनावी संबंधी बैठक की। इसमें मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा देते हुए समस्त पन्ना प्रमुखों को मतदाताओं के पास जाकर संपर्क करने की जिम्मेदारी दी गई।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा कि पार्टी के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों को भी बूथ स्तर तक जाकर मतदाताओं से संपर्क कर मतदान कराना है। केंद्र सरकार की 10 वर्ष की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक मतदाता को बताना उनका दायित्व है। नौ अप्रैल को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, रजनीकांत महेश्वरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ब्रज बहादुर उपाध्याय ,जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, जिला महामंत्री लेखराज भारती, स्थानीय विधायक, चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व गुरुवार रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की बाटी जिम्मेदारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की।

### सात को आएंगे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

सात अप्रैल को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पीलीभीत आएंगे। मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने बताया कि वित्तमंत्री सुबह 10 बजे अग्रवाल सभा भवन, दोपहर 12 बजे ऑकेजन बारात घर, दोपहर तीन बजे जश्न पैलेस अमरिया में सभा करेंगे। इसी दिन विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक पीलीभीत आएंगे। वह सुबह नौ बजे जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं संग बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे बरेली चलेजाएंगे।

## ईद की नमाज का एलान करने पर मस्जिद में हाफिज को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लाल रोड पर घेर वाली मस्जिद का मामला, तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** अलविदा की नमाज के बाद ईद की नमाज के एलान को लेकर मस्जिद के हाफिज की कमेटी के लोगों ने पिटाई कर दी। इसको लेकर मस्जिद में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची सुनगढ़ी पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। विवाद के बाद मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में लाल रोड पर घेर वाली मस्जिद में शुक्रवार दोपहर को अलविदा की नमाज अदा की गई। इसके बाद ईद वाले दिन के लिए नमाज का ऐलान कर दिया गया। इसको लेकर मस्जिद कमेटी के लोगों ने हाफिज से ऐतराज जताया। कुछ लोग हाफिज के पक्ष में आ गए। मस्जिद में ही दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मस्जिद कमेटी सदस्यों समेत कुछ लोगों ने हाफिज फैयाज की पिटाई कर दी। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को देदी तो प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। मगर तब तक मारपीट में हाफिज फैयाज मामूली रूप से घायल हो गए हैं। उनका शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। विवाद के बाद मौके पर पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि विवाद की सूचना पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा था। घायल का मेडिकल कराया गया है। घायल की ओर से तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## बाढ़ से बचाव कार्य बंद कराने की सूचना पर भड़कीं महिलाएं, हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** चंदिया हजारा में बाढ़ से बचाव कार्य रुकवाने की सूचना पर सैकड़ों महिलाओं ने कार्यस्थल पर एकत्र होकर हंगामा किया। हालांकि काम बंद नहीं हुआ था। कई घंटे रुकने के बाद महिलाएं वापस लौट गईं।

चंदिया हजारा क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से ग्रामीण बाढ़ का दंश झेलते आ रहे हैं। काफी प्रयास के बाद बाढ़ से बचाव के लिए चैनेलाइजेशन और जिओ बैग लगाने का काम शुरू हो सका था। बीते सप्ताह लखीमपुर वन विभाग ने नामांकन को लेकर चैनेलाइजेशन का काम बंद करा दिया था। फिर सीमांकन के बाद काम शुरू हुआ। मगर हरीपुर रेंजर ने स्थानीय परमिशन न होने पर चैनेलाइजेशन का काम रुकवा दिया। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार काम बंद कराए जाने से बाढ़ से बचाव के कार्य समय पर नहीं हो सकेंगे। इससे में उन्हें फिर बाढ़ का प्रकोप झेलना पड़ेगा। चैनेलाइजेशन का काम बंद कराए जाने के बाद चंदिया हजारा के पास चल रहे जिओ बैग लगाने का काम भी रुकवाया जाएगा। इसकी जानकारी लगने पर सैकड़ों महिलाएं और ग्रामीण कार्य स्थल जा पहुंचे और विरोध में हंगामा किया। महिलाएं कई घंटे नदी किनारे धूप में बैठी रहीं। इस दौरान कोई अधिकारी काम रुकवाने नहीं पहुंचा। इससे महिलाएं अपने घरों को लौट गईं। हरीपुर रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि वन विभाग की जमीन पर चैनेलाइजेशन का काम चल रहा था। इसलिए उसे रुकवाया गया था। जिओ बैग का कार्य राजस्व क्षेत्र में चल रहा है। उसे बंद नहीं कराया जाएगा।



काम बंद होने की सूचना पर हंगामा करतीं चंदिया हजारा की महिलाएं। ● अमृत विचार

- बाढ़ से बचाव कार्य में अड़ंगा लगाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश
- कई घंटे धूप में बैठकर महिलाओं ने शुरू कराया कार्य

## बिजली चोरी का विरोध करने पर मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचारः** बिजली चोरी का विरोध करने पर एक महिला की पिटाई कर दी गई। बचाने आए पति और बेटी को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। थाना हजारा क्षेत्र के गांव राहुल नगर की निवासी ममता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के परशुराम उनके बिजली कनेक्शन के केबल में तार जोड़कर बिजली चोरी कर रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो तीन अप्रैल को परशुराम अपने बेटे सोनू, रामकुमार और पत्नी कौशल्या के साथ उनके घर में घुस आया। गाली गलौज करते हुए आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। बचाने आए पति दिनेश और बेटी मुस्कान के साथ मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मारपीट करने वाले चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## गेहूं के खेतों में लगी भीषण आग, नहीं पहुंची दमकल की गाड़ी

संवाददाता, माधोटांडा

- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से जुताई करके बमुश्किल किया गया आग पर काबू

**अमृत विचारः** खेत में खड़ी गेहूं की फसल में शुक्रवार अचानक आग लग गई। तेज हवा चलने पर कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल टीम मौके पर नहीं पहुंची। किसानों ने ट्रैक्टरों से जुताई कर आग पर बमुश्किल काबू किया। आग में दो किसानों का काफी नुकसान हो गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। ये अंदेशा जताया गया कि किसी ने सुलगती बीड़ी तो नहीं फेंक दी। इसे लेकर भी जांच पड़ताल चलती रही।



गेहूं की फसल में आग लगने के बाद मौके पर एकत्र भीड़। ● अमृत विचार

गर्मी तेज होने के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम अमखिड़िया जमुनिया में आग लगने से गेहूं की फसल जल गई। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे गांव के ही सेवाराम और दीनदयाल के गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ती चली गई। कुछ ही देर में गांव के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन दमकल टीम नहीं आई। बढ़ती आग को देखते हुए ग्रामीणों ने खुद ही प्रयास शुरू किए। ट्रैक्टर से जुताई कर आग पर काबू कर लिया। हालांकि इसमें एक घंटे का समय लग गया। हादसे में सेवाराम का दो एकड़ और दीनदयाल का तीन बीघा में लगा गेहूं जल गया। किसानों ने राजस्व विभाग को सूचना देकर मुआवजे की मांग की है। आग लगने के पुष्ट कारण तो पता नहीं चल सके। मगर कुछ ग्रामीण जलती बीड़ी फेंकने से आग लगने को कारण मानते रहे।

## एप से होगी वाहनों के प्रदूषण की जांच, 15 से होगी लागू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- फर्जीवाड़े की शिकायतों पर अंकुश लगाने को परिवहन विभाग ने कसी कमर
- फेक एपीआई की रोक के लिए तैयार किया गया पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट पोर्टल

**अमृत विचार :** वाहनों के प्रदूषण की जांच में फर्जीवाड़े की शिकायतों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। एनआईसी को प्रदूषण जांच के पोर्टल को अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए थे। अब एप के जरिए ही प्रदूषण की जांच होगी।

अभी तक वाहनों के प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी करने में खेल किया जा रहा था। वाहन से काला धुआं आने पर भी प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता था। इस फेक एप्लीकेशन को रोकने और प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट पोर्टल को अपग्रेड कर पीयूसीसी वर्जन 2.0 पोर्टल तैयार किया गया है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदूषण की जांच के समय वाहनों की भौतिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो और फेक एपीआई के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए यह पहल की गई है।

इस पोर्टल को लखनऊ के कुछ प्रदूषण जांच केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया, जो सफल रहा। अब 15 अप्रैल से इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। पोर्टल का उपयोग करने के लिए सभी प्रदूषण जांच केंद्रों के स्वामी व ऑपरेटरों को पीयूसीसी सेंटर एप का प्रयोग करना होगा। एप पर लॉगिन करने के बाद जांच केंद्र स्वामी को अपने लॉगिन से सेंटर की लोकेशन डालनी होगी। मोबाइल वैन प्रदूषण जांच केंद्र के स्वामी संबंधित जिले के सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में जाकर उसकी लोकेशन फीड करेंगे।

एक सेंटर के लिए तीन मोबाइल में एप का इस्तेमाल किया जा सकेगा, लेकिन एक समय में एक ही मोबाइल से लॉगिन होगा। मोबाइल एप का प्रयोग स्थायी प्रदूषण जांच केंद्र की 30 मीटर की परिधि में ही हो सकेगा। वहीं मोबाइल वैन प्रदूषण जांच केंद्र के लिए यह सीमा परिवहन कार्यालय से 40 किमी रखी गई है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर लोग ध्यान नहीं देते। अधिकांश लोग केवल नाम के लिए प्रदूष्रण के कागज बनवा लेते थे। मगर अब ऐसा नहीं हो पाएगा।

### ऐसे करनी होगी जांच

प्रदूषण जांच केंद्र के ऑपरेटरों को वाहनों की जांच करते हुए एप के जरिए वाहन की फ्रंट, साइड और रियर साइड की फोटो लेनी होगी। वाहन की उपस्थिति दिखाने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड करना होगा। एप के माध्यम से क्लिक की गई तस्वीरों में से एक प्रदूषण जांच हो सकेगी।

**व्यवस्था** | अब चुनाव के लिए वाहन पकड़ने को सड़क पर खड़े नहीं होंगे अधिकारी, ऐप से मिलेगी जानकारी कि वाहन लगा या नहीं

## धांधली रोकने का काम करेगा व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम ऐप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिले में 1300 वाहनों का किया जा रहा है अधिग्रहण

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान वाहनों पर होने वाली फिजूलखर्ची पर निर्वाचन आयोग की ओर से तैयार वीएमएस (व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम) एप रोक लगाएगा। इससे वाहनों को लेकर की जाने वाली हेराफेरी पर रोक लगेगी। अब सड़क पर खड़े होकर वाहनों को जब्त करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन व्यवस्था से निर्वाचन के लिए वाहनों का प्रबंधन न केवल सुगम होगा, बल्कि इन वाहनों के उपयोग में भी पारदर्शिता के साथ वाहन मालिकों पेट्रोल पंप मालिकों एवं वाहनों के संचालन से संबंधित चालकों एवं क्लीनरों का भुगतान जल्दी संभव हो सकेगा।

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग की ओर से 1300 वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है, जो मतदान करने वाली पोलिंग पार्टियों को लाने और ले जाने का काम करेंगे। इन 1300 वाहनों में 350 निजी वाहन है, जबकि 950 कामर्शियल वाहन शामिल हैं। इनको अधिग्रहण कर लिया गया है।

पहले चुनाव में वाहनों का अधिग्रहण करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से सड़कों पर जब्त कर लिया जाता था। साथ ही फिजूलखर्ची भी दिखाई जाती है। इस बार चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान वाहनों पर होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के लिए वीएमएस (व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम) एप लागू किया है। इस ऐप के माध्यम से वाहनों को लेकर की जाने वाली हेराफेरी पर रोक तो लगेगी ही, बीच सड़क पर वाहनों को जब्त करने की जरुरत भी नहीं पड़ेगी। इसके पीछे का कारण ऑनलाइन पंजीयन और एक ही स्थान पर लाग बुक खोलना है। नए एप में ये सुविधाएं प्रदान की गई हैं कि एक ही बार किसी भी जिले में एक वाहन का पंजीयन होगा। उसे दूसरे स्थान पर रोका और जब्त नहीं किया जा सकता। ऑनलाइन ही वाहन की स्थिति कहीं से भी देखी जा सकती है। नए निर्देश में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्थिति में बीच सड़क वाहन जब्त नहीं किए जाएंगे। उनके मालिकों को बुलाकर नोटिस दे दिया जाएगा और आवश्यकता होने पर वाहन को जमा करने की सूचना मिल जाएगी।

> लोकसभा चुनाव में वाहनों को लेकर वीएमएस (व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम) एप लागू किया गया है। जिसके माध्यम से वाहनों की स्थिति को ऑनलाइन चेक किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से वाहनों में पारदर्शिता बनी रहेगी। – **वीरेंद्र सिंह**, एआरटीओ

### आमजन के हित के लिए बनाई गई व्यवस्था

ऑनलाइन व्यवस्था से निर्वाचन के वाहनों का प्रबंधन न केवल सुगम होगा, बल्कि इन वाहनों के उपयोग में भी पारदर्शिता के साथ वाहन मालिकों, पेट्रोल पंप मालिकों एवं वाहनों के संचालन से संबंधित चालकों एवं क्लीनरों का भुगतान जल्दी संभव हो सकेगा। आमजन के हित के लिए व्यवस्था बनाई गई है कि चुनाव कार्य के लिए एक जिले से 75 प्रतिशत वाहनों का ही उपयोग में लिया जाएगा। 25 प्रतिशत वाहन आम जनता के लिए प्रतिदिन चलेंगे। ऐप की मदद से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी मालिक या संबंधित पदाधिकारी वाहनों में तेल की हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। बाकायदा आनलाइन ही गंतव्य स्थान को जाने वाले वाहनों के लिए कूपन जनरेट किया जाएगा और इसकी अवधि भी महज 24 घंटे की होगी।

## कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट, चार नामजद

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा खास के निवासी रामकुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि वह दिव्यांग है। उसे दिव्यांग आवास मिला है। पीड़ित के रास्ते पर गंगाराम, उसका बेटा सोनू, वीरपाल और भतीजा सर्वेश जबरन कब्ज करना चाहते हैं। सोनू एक जनप्रतिनिधि के यहां सफाई कर्मचारी है। जिसकी वजह से पुलिस सुनवाई नहीं करती हैद्ध 11 अक्टूबर 2023 को आरोपियों ने दीवार की चुनाई करते रास्ता बंद करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अभद्रता की। पुलिस में सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।





The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ | www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

रमज़ान मुबारक

छब्बीसवां रोज़ा इफ्तार 06 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:36 बजे
शिया - 06:42 बजे

सत्ताईसवां रोज़ा सहरी 07 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:29 बजे
शिया - 04:22 बजे

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

# प्रधानमंत्री के हेलीपेड से डेढ़ किमी दूर दिखा तेंदुआ

## नौ मार्च को प्रस्तावित है प्रधानमंत्री के आने का कार्यक्रम, सामाजिक वानिकी टीम ने ट्रेस किए पगमार्क, निगरानी शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पुलिस-प्रशासन और भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने को लेकर तैयारी में जुटे हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह शहर से सटे पुरानी पीलीभीत में तेंदुआ की चहलकदमी से हड़कंप मच गया है। खास बात यह है कि तेंदुआ प्रधानमंत्री के यहां उतरने के लिए बनाए जा रहे हैलीपेड से मात्र डेढ़ किमी दूर पहुंच चुका हे। सामाजिक वानिकी टीम के पग मार्क ट्रेस करने के बाद तेंदुआ आने की पुष्टि हुई है, जिससे लोग दहशत में हैं। इसके बाद वन विभाग की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है।

जनपद में लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। वहीं जंगल से निकले बाघ-तेंदुआ की चहलकमदी आबादी क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। मौजूदा साल में महोफ रेंज से सटे गांवों में बाघ हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, वहीं तीन लोग बाघ हमले में बुरी तरह घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों के बढ़ते दबाव के चलते 28 मार्च को महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द में पहुंचे एक बाघ को रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ा गया था।



पीलीभीत में ईंट भट्ठा की दीवार पर बैठा तेंदुआ। ● अमृत विचार



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सामाजिक वानिकी कर्मियों की टीम।

इधर, शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे पुरानी पीलीभीत (कोहना) गांव के पास तेंदुआ देखे जाने से से लोग दहशत में हैं। गेहूं के खेतों के बीच तेंदुए देखे जाने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद खेतों में मिले पगमार्क भी ट्रेस किए।

तेंदुआ आने की पुष्टि होने के बाद क्षेत्र में निगरानी के लिए टीम को लगाया गया है। टीम ने किसानों से सतर्क रहकर कार्य करने की अपील की है। गुरुवार रात तेंदुआ टनकपुर हाईवे के समीप स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठा की दीवार पर बैठा देखा गया था। बताते हैं कि बंद ईंट भट्ठा के आसपास तेंदुआ की लगातार चहलकदमी देखी जा रही है। ईंट भट्ठा पर काम करने वाले केदारीलाल व अन्य कर्मचारियों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से एक तेंदुआ दो शावकों के साथ देखा जा रहा है। टनकपुर हाईवे से सटे मोमिनगंज के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ अप्रैल को होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर हेलीपैड बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि जिस स्थान पर तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही है, हेलीपैड उस क्षेत्र के डेढ़ किमी दायरे में बनाया जा रहा है। वनकर्मियों को निगरानी के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### न्यूरिया खुर्द में बाघ ने छुट्टा पशु को बनाया निवाला

महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द से एक बाघ के रेस्क्यू होने के बाद भी बाघ की चहलकदमी देखी जा रही है। शुक्रवार सुबह तड़के गेहूं के खेत में बाघ ने एक छुट्टा पशु को निवाला बना डाला। ग्रामीणों को घटना की जानकारी उस समय हुई, तब कुछ ग्रामीण खेतों में गेहूं की कटाई करने पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ ने छुट्टा पशु को गांव निवासी दुर्गा प्रसाद के गेहूं के खेत में निवाला बनाया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक बाघिन शावक के साथ भी देखी जा रही है। घटना की सूचना पर सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने किसानों ने समूह में एकत्र होकर खेतों की ओर जाने की सलाह दी है। फिलहाल घटना से ग्रामीणों में खासी दहशत है।

> पुरानी पीलीभीत गांव के पास खेतों में एक तेंदुआ शावकों के साथ होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर पड़ताल की गई है। पगमार्क भी ट्रेस किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से टीम को निगरानी के लिए लगाया गया है।
> – **शेर सिंह**, डिप्टी रेंजर, सामाजिक वानिकी प्रभाग

# सभास्थल को लेकर दिनभर दौड़े अधिकारी, शाम को हुआ निर्णय



कार्यक्रम को लेकर सीओ सिटी से जानकारी करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ अप्रैल को जनपद में जनसभा होनी है। हालांकि सभा स्थल को लेकर निर्णय बाकी है। ड्रमंड कॉलेज के बाद कचहरी के आगे एक जमीन को चिह्नित की गई है। गुरुवार रात को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह समेत कई नेता कचहरी के आगे चिन्हित की गई जगह पर पहुंचे और उसे देखा। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी समेत पुलिस प्रशासन की टीम भी रही।

## स्वास्थ्य महकमा अलर्ट, तीन टीमें गठित

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नौ अप्रैल को आना प्रस्तावित है। वह भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। इसके लिए हेलीपैड बनवाया जा रहा है। सुरक्षा का खाका पुलिस तैयार कर रही है। इधर, स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। तीन टीमें गठित की गई हैं। दो एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम और दो एंबुलेंस गैर जनपदों से मंगवाई गई हैं। ताकि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था रह सके। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने जनसभा के दौरान डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई है। प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए तीन प्रत्येक टीम में एक जनरल फिजिशियन, सर्जन और एनेस्थीसिया के अलावा फार्मासिस्ट वार्ड ब्वाय मौजूद रहेंगे। एक टीम हेलीपैड, एक कार्यक्रम स्थल और एक टीम सेफ हाउस में तैनात रहेगी।

# डीएम और एसपी ने किया एलएच मिल के एथनॉल प्लांट का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



निरीक्षण के दौरान जीएम से बातचीत करते डीएम और एसपी।

- टैंकरों के माध्यम से अल्कोहल का दुरुपयोग न होने देने के निर्देश
- लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम व एसपी ने शुक्रवार को एलएच आसवनी का निरीक्षण किया। उन्होंने आसवनी के महाप्रबंधक से जानकारी लेने के साथ टैंकरों के माध्यम से जाने वाले अल्कोहल का दुरुपयोग न होने देने के निर्देश दिए। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय ने शुक्रवार एलएच आसवनी का औचक निरीक्षण किया। प्लांट के निरीक्षण के दौरान आसवनी महाप्रबंधक ने बताया कि आसवनी से एथेनॉल एवं एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) का उत्पादन किया जाता है। एथेनॉल एवं ईएनए के उत्पादन के बाद उत्पादित मात्रा का भौतिक सत्यापन आसवनी में नियुक्त सहायक आबकारी आयुक्त के द्वारा किया जाता है। इसके बाद रिसीवर वैट से उत्पादित अल्कोहल की मात्रा स्टोरेज वैट में लगे रडार बेस्ड ट्रांसमीटर द्वारा संबंधित मात्रा आबकारी विभाग के पोर्टल पर अंकित हो जाती है। अल्कोहल की निकासी के बाद विभागीय पोर्टल पर अंकित की जाती है। आसवनी में उत्पादित अल्कोहल आसवनी में नियुक्त सहायक आबकारी आयुक्त की देखरेख में टिकिट लॉक लगाकर संरक्षित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक आबकारी आयुक्त एवं आसवनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टैंकरों से किसी भी प्रकार की अल्कोहल के दुरुपयोग होने की संभावना न होने पाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आसवनी में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को लगातार क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी आयुक्त आदि मौजूद रहे।

# ड्रमंड कॉलेज में होगी प्रधानमंत्री की जनसभा, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- हेलीपैड से लेकर सभास्थल तक टनकपुर हाईवे के भरे जाने लगे गड्ढे

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा स्थल को लेकर बनी संशय की स्थिति शुक्रवार देर शाम दूर हो गई। अब प्रधानमंत्री की जनसभा ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में होगी। शुक्रवार देर शाम ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और भाजपाई पहुंचे। इसके बाद जनसभा की तैयारी शुरू कर दी गई। बड़ी संख्या में कर्मचारी टेंट लगाने में जुट गए। सुरक्षा के लिहाज से कॉलेज गेट पर पुलिस भी तैनात रही। बताते हैं प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर एसपीजी भी पहुंच गई है। टनकपुर हाईवे के गड्ढों को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा करने पीलीभीत आ रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर शहर से सटे मोमिनगंज के पास हेलीपैड को लेकर स्थान चिह्नित किया जा चुका है। यहां लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं की देखरेख में गुरुवार से हेलीपैड बनाने का काम चल रहा है। सभास्थल को लेकर उस वक्त पेंच फंस गया था जब प्रशासन ने प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के लिए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान सुरक्षा के लिहाज से अनुपयुक्त बताकर कचहरी के पास खाली जमीन को चिह्नित किया था। गुरुवार शाम कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीना, आईजी डॉ. राकेश सिंह पीलीभीत पहुंच गए। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए ललौरीखेड़ा के खरुआ में भी जमीन देखी गई। शुक्रवार को दिन भर इसे लेकर मंथन चलता रहा। देर शाम प्रधानमंत्री मोदी की सभा के लिए ड्रमंड कॉलेज ग्राउंड तय कर लिया गया है। शाम को पहले अधिकारी और भाजपा नेता ड्रमंड कॉलेज ग्राउंड पर पहुंचे। इसके बाद टेंट का सामान भी ट्रकों से पहुंच गया। जिसके बाद कर्मचारियों ने रात से ही टेंट लगाना शुरू कर दिया है।

उधर, शुक्रवार को मोमिनगंज में हेलीपैड बनाने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी रहा। लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं की देखरेख में जमीन को समतल करने एवं बैरिकेडिंग लगाने का कार्य किया गया। वहीं एनएच के अधिकारियों के निर्देश पर टनकपुर हाईवे पर गड्ढे भरने का काम भी तेजी से शुरू किया गया।



हेलीपैड स्थल पर बेरिकेडिंग करने में जुटे श्रमिक। ● अमृत विचार



टनकपुर हाईवे पर गड्ढा भरते श्रमिक। ● अमृत विचार



ड्रमंड कॉलेज ग्राउंड पर ट्रक से टेंट का सामान उतारते श्रमिक। ● अमृत विचार

### नो-फ्लाइंग जोन हुआ जिला, पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध

प्रधानमंत्री के नौ अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिले भर को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। इस दौरान ड्रोन, गुब्बारे और पतंग आदि उड़ाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का नौ अप्रैल को जनपद में चुनावी जनसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अतिविशिष्ट को विभिन्न आतंकवादी संगठन, देश विरोधी शक्तियों से खतरा है। वहीं विभिन्न विरोधी राजनीतिक विचारधारा/समूहों द्वारा गुब्बारों, ड्रोन एवं पतंगों आदि के माध्यम से विधि विरुद्ध विरोध किए जाने के दृष्टिगत सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल को आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वह ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में ही सभा करेंगे। इसे लेकर तैयारियां शुरू करा दी गई हैं।
> – **संजीव प्रताप सिंह**, भाजपा जिलाध्यक्ष

# सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर प्रत्याशियों को जारी होंगे नोटिस



निगरानी सेल में अभिलेख देखते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- विभिन्न राजनीतिक दलों के नाम से चल रहे सोशल मीडिया अकाउंट
- प्रत्याशियों को नोटिस भेजने की तैयारी में प्रशासन

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया का खूब सहारा लिया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ग्रुप बने हैं, जिनके जरिए प्रचार संबंधी पोस्ट शेयर की जा रही है। सोशल मीडिया की निगरानी के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी प्रत्याशी ने अभी तक सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी नहीं दी है। ऐसे में अब निगरानी सेल के नोडल ने प्रत्याशियों को नोटिस भेजने के निर्देश दिए हैं।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया की निगरानी के लिए सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर में बने सोशल मीडिया सेल में निगरानी के लिए कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। सोशल मीडिया सेल को प्रत्याशियों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स एकांउट के अलावा मीडिया द्वारा प्रकाशित समाचारों आदि पर भी नजर रखने का दायित्व सौंपा गया है। वहीं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रत्याशियों से सोशल मीडिया अकाउंट संबंधी जानकारी भी मांगी गई थी।

इधर, लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं व्यक्तियों के नाम से ग्रुप भी चलाए जा रहे हैं। बताते हैं कि अभी तक अधिकांश प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी नहीं दी गई है। ऐसे में उनसे संबंधित अकाउंट की निगरानी नहीं हो पा रही है।

# सिपाही के घर हुई चोरी का खुलासा जेवर बरामद

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सिपाही के घर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के पंकज कॉलोनी निवासी आईजी कार्यालय के सिपाही बृजेश वर्मा के घर 25 फरवरी की रात चोरी हो गई थी। चोर ने घर के बाहर की दीवार के सहारे छत तक पहुंचे और वहां से मकान के भीतर घुस गए थे। उस वक्त परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। एक कमरे में पहुंचकर चोर करीब एक लाख कीमत के जेवरात और बीस हजार रुपये समेट ले गए। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी। एसओजी को भी खुलासे में लगाया गया। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि चोरी करने वाला आरोपी खुटार मार्ग पर पुलिया के पास है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी मोहल्ला खानकाह निवासी साहिल पुत्र साबिर को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ की गई।जिसके बाद आरोपी से चोरी किए गए जेवर बरामद कर लिये। पुलिस ने आपराधिक इतिहास खंगाला तो पता चला कि साहिल के खिलाफ पूरनपुर कोतवाली में पहले से ही चोरी, आर्म्स एक्ट के सात मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने जेल जाने से बचने के लिए हवालात में तबीयत बिगड़ने की बात कहते हुए ड्रामा भी किया लेकिन एक न चल सकी।

# पोस्टल बैलेट से पहले दिन 387 ने किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



दिव्यांग मतदाता के घर पहुंची पोलिंग टीम। ● अमृत विचार

- घर-घर पहुंच रहीं पोलिंग पार्टियां, वीडियोग्राफी भी कराई गई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से पोस्टल बैलेट मतदान शुरू हो गया। पोलिंग पार्टियों ने घर-घर जाकर दिव्यांग और 85 वर्ष की आयु से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। संसदीय क्षेत्र में कुल 820 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता हैं। पहले दिन 387 मतदाताओं ने मतदान किया।

बरेली-पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस बार निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा दी है। इधर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार से पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया को शुरू कर दी गई। शुक्रवार सुबह विधानसभावार तहसील परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। सदर तहसील से एआरओ द्वारा सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों ने घर-घर पहुंचकर मतदाता सूची में शामिल दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं से गाइडलाइन के अनुसार पोस्टल बैलेट मतदान कराया। घर बैठे मतदान कर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे खिल उठे। पहले दिन पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया शाम पांच बजे तक चली। मतदान के दौरान आयोग के निर्देशानुसार वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।

> दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के पोस्टल बैलेट मतदान के पहले दिन रोस्टर के अनुसार 403 के सापेक्ष 387 मतदाताओं ने मतदान किया है। कुल 820 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना है। –**ऋतु पुनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी



बुजुर्ग के मतदान करने के बाद उंगली पर स्याही लगाता कर्मचारी।

### कहां कितने पड़े वोट

| विधानसभा | कुल मत | पड़े मत |
|---|---|---|
| बहेडी | 215 | 103 |
| पीलीभीत | 162 | 98 |
| पूरनपुर | 67 | 34 |
| बीसलपुर | 209 | 70 |
| बरखेड़ा | 167 | 82 |

# किसानों और नौजवानों का विकास ही मोदी की गारंटीः जितिन प्रसाद



पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा व अन्य कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को ग्राम लालपुर, पंसोली, नवादा श्यामपुर, खमरिया दलेलगंज, बिलासपुर,बल्लिया, फुलईया, वगनेरा वगनेरी, बांसखेड़ा, निसावा, निसईया, बकसपुर, सिरसा, चठिया भैसहा, नौगवां पकड़िया गांव और शहर के मोहल्ला नखासा, जोशीटोला, आसफजान, मोहतशिम खां में नुक्कड़ सभाएं की। जिसमें उन्होंने मोदी सरकार में हुए विकास कार्य गिनाए।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में किसानों को सम्मान दिया जा रहा है। उनकी समस्याओं को तत्काल निस्तारित किया जाता है। किसानों को आर्थिक एवं सामाजिक लाभ हो रहा है । आज किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवा रहे हैं। बच्चे आगे चलकर अपना अपने परिवार एवं माता-पिता का ध्यान रखते हुए खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। किसानों के बच्चे आज मोदी की गारंटी की बदौलत अपना, अपने माता-पिता, जिला, प्रदेश एवं देश का नाम विश्व में ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। नौजवान हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। किसानों का जीवन स्तर तीव्रगति से ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा भी मौजूद रहे। अमरिया क्षेत्र में भी सभाएं की गई। जिसमें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत कई मौजूद रहे।

# बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक


# घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, हाथी पर जाएंगी

## नौ अप्रैल से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र, बन रहा अमृत सिद्धि योग, घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:11 से 10:23 बजे तक

- नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में चल रही तैयारी, यशवंतरी देवी मंदिर में लगेगा मेला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मां यशवंतरी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले को लेकर लगे झूले।



मां यशवंतरी देवी मंदिर।

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से शुरू होंगे हैं। मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। साफ सफाई के साथ रंग पुताई का कार्य चल रहा है। चैत्र नवरात्र में मेले का भी आयोजन होता है। इस साल मां दुर्गा का आगमन घोड़े पर होगा। नवरात्रि में नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का विधान है। मान्यता है कि ये नौ दिन मां अंबे धरती पर भक्तों के बीच रहती हैं और उनकी पूजा-उपासना से प्रसन्न होकर उनकी सभी इच्छाएं मनोकामना पूर्ण करती हैं। इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। इस चैत्र नवरात्रि में अमृत सिद्धि, और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।

शहर के यशवंतरी देवी मंदिर, माता महातेश्वरी देवी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर समेत समस्त देवी मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना होती है। पहला नवरात्र नौ अप्रैल को होगा। इसको लेकर मंदिरों में साफ-सफाई चल रही है। मंदिर प्रांगण के अलावा देवालय में भी रंग पुताई कराई जा रही है। इसके अलावा कई श्रद्धालु अपने घरों में भी रंग पुताई करा रहे हैं। बता दें कि चैत्र के नवरात्र में हर साल यशवंतरी देवी मंदिर पर मेले का आयोजन होता है। जिसको लेकर कई दिन पहले से तैयारियां करना शुरू कर दी हैं। इस बार का मेला बरेली, कासगंज, अलीगढ़, समेत विभिन्न जिलों के श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आएंगे। इसको लेकर मेले झूला आदि लगना शुरू हो गए हैं। इस बार मेले में बाहरी राज्यों से भी तमाम दुकानें लग रही हैं। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी हैं। मेले में अस्थायी चौकी के अलावा भारी पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाने की रणनीति शुरू हो गई है। ताकि मेला सकुशल संपन्न कराया जा सके। इस बार नवरात्र विशेष योग बन रहे हैं। मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी, जबकि हाथी पर बैठकर प्रस्थान करेंगी।

### इस तरह करें कलश स्थापना

नवरात्र की पहले दिन की शुरुआत कलश स्थापना या फिर घटस्थापना के साथ की जाती है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि करके साफ वस्त्र धारण कर लें। इसके बाद एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं और उस पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। इस पर थोड़े चावल की ढेरी बनाएं और एक मिट्टी का पात्र जिसमें जौं बोए हों, चावल की ढेरी पर रख दें। इस पात्र के ऊपर जल से भरा हुआ कलश रखें। इसके बाद कलश पर स्वास्तिक बनाएं और कलावा बांध दें। कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रख दें। अशोक के पत्ते लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा बांध दें। इसके बाद नारियल को कलश के ऊपर रखें और देवी जी का आवाह्न करें। दीप जलाकर कलश की पूजा करें।

पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि नौका पर सवारी करने से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। पहले नवरात्र को घटस्थापना आदि का लेकर शुभ मुहूर्त निर्धारित किया गया है। मुहूर्त में शुभ कार्य करने से मनोकामना पूरी होती है। पिछली बार माता नौका पर सवार होकर आई थीं। आठ अप्रैल को सोमवार की रात्रि में 11:55 बजे चैत्र प्रतिपदा तिथि शुरू होगी और अगले दिन यानी नौ अप्रैल को रात 8:30 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा का व्रत नौ अप्रैल को रखा जाएगा। चैत्र नवरात्रि पर घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 6:11 बजे से शुरू होकर 10:23 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना होगी। इस बार चैत्र नवरात्रि पर तीन राजयोग शश, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि का निर्माण हो रहा है। नौ अप्रैल को अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग दोनों ही साथ पड़ रहे हैं। ये दोनों ही शुभ योग नौ अप्रैल को सुबह 7:32 बजे से लेकर पूरे दिन रहेगा। ज्योतिष में इन योगों को बहुत शुभ माना गया है।

### चैत्र नवरात्र कैलेंडर

| | |
|---|---|
| प्रतिपदा तिथि | नौ अप्रैल |
| द्वितीया तिथि | 10 अप्रैल |
| तृतीया तिथि | 11 अप्रैल |
| चतुर्थी तिथि | 12 अप्रैल |
| पंचमी तिथि | 13 अप्रैल |
| षष्ठी तिथि | 14 अप्रैल |
| सप्तमी तिथि | 15 अप्रैल |
| अष्टमी तिथि | 16 अप्रैल |
| नवमी तिथि, महानवमी और रामनवमी पूजा | 17 अप्रैल |

# गौरीशंकर मंदिर में भंडारा आयोजित, उमड़े श्रद्धालु



गौरीशंकर महादेव मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, उनके भाई पंकज व आलोक जायसवाल की ओर से शिबुआ के प्रसिद्ध गौरीशंकर महादेव मंदिर में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक कुमार वर्मा, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा सहित नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर परिसर में सुबह भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भंडारा शुरू कराया गया। पहले कन्याओं एवं ब्राम्हणों को भोज कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। हलवा खीर पूरी, भाजी, गंगाफल एवं छोले कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, अनीता गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल, पंकज जायसवाल, डॉ. सुभाष जायसवाल, भाजपा अध्यक्ष विक्रम गंगवार, विष्णु गोस्वामी, विक्रम नरेश जायसवाल, बन्टू जायसवाल, राजीश गुप्ता, देवदत्त सक्सेना, राहुल सिंघल, आशीष सक्सेना, दीनदयाल गंगवार, अंकित जायसवाल, शक्ति जायसवाल, शिवानी जायसवाल, पूनम, रेनू, मोनिका, प्रिया, अनुराधा, अल्का, रोली आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

# निदा बोली- तौकीर कहां से फाइनेंस कराते हैं दंगा

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अदालत की ओर से 2010 के दंगे के मास्टर माइंड करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां पर के खिलाफ एक बार फिर उन्हीं के खानदान की बहू निदा खान ने मोर्चा खोला है। निदा ने सवाल उठाया है कि तौकीर रजा के पास न कोई नौकरी है, न वह व्यापार करते हैं तो फिर दंगा कहां से फाइनेंस कराते हैं। इसकी ईडी को जांच करनी चाहिए। तीन तलाक पीड़िताओं की लड़ाई लड़ते-लड़ते भाजपा में शामिल हो चुकी निदा खान ने फेसबुक पर तौकीर के खिलाफ टिप्पणी की है। कहा है, यह अभिनेता नहीं तो क्या हैं। धरना-प्रदर्शन के लिए कभी तबीयत खराब नहीं हुई। दंगे के मामले में कोर्ट ने सरेंडर करने का आदेश दिया तो तबीयत बिगड़ गई। यह असल जिंदगी के अभिनेता हैं। निदा ने फेसबुक पर मौलाना तौकीर का फोटो पोस्ट करने के साथ लिखा है कि कोर्ट ने मौलाना को भगोड़ा घोषित कर दिया है लेकिन मौलाना का अपना कानून है। हक जैसे बड़े शब्द इनके छोटे और झूठे मुंह से अच्छे नहीं लगते हैं। यह इतने हक वाले होते तो इनके घर की बहू अपने मायके में नहीं होती। निदा ने कहा है कि मौलाना अपने घर का मामला तो निपटा नहीं पाए, लेकिन बड़ी बड़ी बातें करते हैं। निदा की पोस्ट पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया भी व्यक्त की हैं। किसी ने निदा की पोस्ट का समर्थन किया है तो किसी ने पारिवारिक मामलों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का विरोध भी किया है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


# नशे से हमेशा दूर रहें युवा, यह तरक्की में है बाधक

- महर्षि कश्यप की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** महर्षि कश्यप सेवा समिति की ओर से महर्षि कश्यप की जयंती पर शहर के एक बरात घर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। असमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री हीरालाल कश्यप और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी वेदप्रकाश कश्यप, नारायण लाल कश्यप, दीनानाथ कश्यप, सुरेश कश्यप घनश्याम दास कश्यप, राजेन्द्र कश्यप रहे।

सर्व प्रथम महर्षि कश्यप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद माल्यार्पण किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप ने समाज के उत्थान की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठित होकर समाज का शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्तर तब सुधरेगा जब हम सभी अपने बच्चो को शिक्षित करेंगे। तब ही वह अपने अधिकार जान सकेंगे।

हम अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अनिल कश्यप ने कहा कि हमारा पैतृक व्यवसाय मछली पालन और कुकुट पालन को वैज्ञानिक तरीके से किया जाए। इससे भी समाज को आर्थिक लाभ होगा। राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने कहा कि हम सभी एक दूसरे का सम्मान करें और संगठित रहें। समाज नशे जैसे दुर्व्यसनों से दूर रहे, यह उनकी तरक्की में बाधा है। शिवम कश्यप एडवोकेट ने शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर सुरेश कश्यप, ओपी कश्यप, रामचंद्रलाल कश्यप, सुखदेव कश्यप, रोहित कश्यप, प्रदीप कश्यप एडवोकेट, दीपक कश्यप, महेंद्र कश्यप, सत्यम कश्यप, नेहा, रोशनी कश्यप लक्ष्मी कश्यप आदि रहे।

### बिलसंडा में मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती



बिलसंडा। नगर में कश्यप समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई। लोगों ने सृष्टि के सृजन में उनके द्वारा किए गए योगदान का भी बखान किया। नगर के मोहल्ला देवीस्थान में आयोजित कार्यक्रम में कश्यप समाज के लोगों ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर नगर पंचायत सभासद बाबूराम कश्यप ने महर्षि कश्यप के महाभारत काल से जुड़े पहलुओं को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप ने सृष्टि के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान किया था। आज की पीढ़ी उनके योगदान को भूलने लगी है, ऐसे में कश्यप समाज के लोगों की यह जिम्मेदारी है कि महापुरुषों के योगदान को स्मरण कराने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम करने चाहिए। कार्यक्रम में बाबूराम कश्यप, बृजपाल कश्यप, नन्हे बाबू कश्यप, वेद प्रकाश कश्यप, सियाराम कश्यप, रामेश्वर दयाल, सत्यपाल कश्यप, इंद्रपाल कश्यप, पिंटू कश्यप, राजीव कश्यप, मेवाराम कश्यप, ओमकार कश्यप, पप्पू कश्यप, राजेश कश्यप, धर्मवीर कश्यप, माखनलाल कश्यप, शिवराम कश्यप, रमेश कश्यप, रामजी कश्यप, वीरपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# एमएसपी कानून जल्द लागू करने की मांग

- भाजपा के राष्ट्रीय सचिव को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन
- अजय मिश्र टेनी को प्रत्याशी बनाने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, पूरनपुर



भाजपा के राष्ट्रीय सचिव को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा क्षेत्र में जनसभाएं करने के लिए शुक्रवार को पहुंचे। पीलीभीत से पूरनपुर आते समय उदयकरनपुर में एक ढाबे पर भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि दिल्ली में आंदोलन के दौरान भाजपा सरकार ने एमएसपी कानून जल्द लागू करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में आंदोलन कर रहे किसानों पर बदसलूकी करने का आरोप लगाते हुए इसे बंद कराने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीलीभीत समेत लखीमपुर खीरी तक संपूर्ण तराई क्षेत्र कृषि प्रधान है। यहां अधिकांश किसान खेती बाड़ी पर ही निर्भर है। इसके बावजूद लखीमपुर में अजय मिश्र टेनी को भाजपा प्रत्याशी बनाने पर भी नाराजगी जताई। कहा कि ऐसा करने से किसानों की भावनाएं आहत हुई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल अध्यक्ष सुखजीत सिंह औलख, जिला उपाध्यक्ष दलविंदर सिंह, जिला संगठन मंत्री पलविंदर सिंह, तहसील संगठन मंत्री परमजीत सिंह, मुख्तार सिंह, संदीप सिंह, अंग्रेज सिंह, मनजिंदर सिंह, सतनाम सिंह रामौतार, विजयलाल, ज्वाला प्रसाद, दोधराम आदि मौजूद रहे।

# साहब! मेरे बेटे की हत्या कर नदी में फेंका था शव

- जहानाबाद पुलिस को मृतक के पिता ने दी नामजद तहरीर, प्रधान पर मिलीभगत के आरोप
- होली के दिन दोस्तों संग नहाते वक्त नदी में डूबने से युवक की मौत का मामला

संवाददाता, ललौरीखेड़ा

**अमृत विचार:** होली के दिन नहाते वक्त देवहा नदी में डूबकर युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। मृतक के पिता ने जहानाबाद पुलिस को हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी महिपाल का 25 वर्षीय पुत्र महेंद्रपाल सोमवार को होली के दिन दोस्तों के साथ देवहा नदी में नहाने गया था। तभी महेंद्र पाल की नदी में डूबकर मौत हो गई थी। पिता जहानाबाद पुलिस को दी तहरीर बताया है कि उनके बेटे महेंद्र पाल की मौत हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि गांव के ही कुछ लोग उनके बेटे को ई-रिक्शा पर बैठाकर देवहा नदी की तरफ ले गए। रास्ते में जानकर ई-रिक्शा पलट दिया। जिसमें बेटे के चोट भी आई थीं। जब वह बेसुध हो गया तो उसकी हत्या करके शव नदी में फेंक दिया। ग्राम प्रधान पर मिलीभगत का आरोप लगाया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई।

> घटना के दिन भी जांच की गई थी। नहाते वक्त डूबने से मौत हुई थी। एक साथी को लोगों ने डूबते वक्त बचा भी लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पिता की ओर लगाए गए आरोपों की फिलहाल जांच कराई जा रही है।
> – मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर जहानाबाद

# वार्षिक परीक्षा में हिमांशु प्रथम और रजनीश द्वितीय



**बिलसंडा।** गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कालेज में शुक्रवार को वर्ष 2024 का गृह वार्षिक परीक्षाफल समारोह पूर्वक वितरित किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को मेडल व ट्रॉफी देकर उत्साह वर्धन किया गया। परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इंटर कॉलेज के प्रबंधक पंकज जायसवाल, अध्यक्ष रामाधार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र राय ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। परीक्षा में हिमांशु प्रथम, रजनीश द्वितीय और अमितेश तृतीय रहे। उनके अंक पत्र के साथ मेडल व ट्राफी सौंप उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संचालन शिक्षक राजीव गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, मीनाक्षी पांडेय, प्राची, ओमकार, विभीषण, विजय तिवारी, उज्जमा, निशांत शुक्ला, सुषमा जायसवाल, नेकसेलाल, संजीव कुमार, विष्णु कुमार, अतुल तिवारी, जसवन्त सिंह, आशीष चमन, शहुल शर्मा, त्रिवेंद्र कुमार, मनु गंगवार मौजूद रहे।

# डांस प्लस के सेमी फाइनलिस्ट पर्व मिश्रा सम्मानित

- लिटिल एंजेल्स स्कूल में स्पेशल असेंबली आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल के पूर्व छात्र शहर के निवासी चंद्र प्रकाश मिश्रा के बेटे पर्व मिश्रा स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम डांस प्लस के सेमी फाइनलिस्ट बने थे।। उनकी इस उपलब्धि पर शुक्रवार को स्पेशल असेंबली आयोजित की गई। इसमें प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रबंध निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा आदि ने पर्व मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पर्व मिश्रा ने डांस परफॉर्मेंस भी



स्कूल में आयोजित स्पेशल असेंबली में डांस की प्रस्तुति देते पर्व मिश्रा।

दी, जिसे खासा सराहा गया। उन्होंने कॉलेज के अपने यादगार पलों को सभी छात्र छात्राओं से साझा किया। कहा कि कुछ भी मुश्किल नहीं होता, बस उसके लिए सोचना पड़ता है। डांस कोरियोग्राफर जावेद और सौम्या सक्सेना का आभार जताया। बताया कि डांस प्लस कार्यक्रम का ऑडिशन दिल्ली और मुंबई फिल्म सिटी में हुआ था। जिसमें करीब पांच हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से 12 चयनित किए गए। जिसमें पर्व मिश्रा भी शामिल रहे। पर्व और अविरल सेमीफाइनल में पहुंचे। प्रोग्राम की शूटिंग फिल्म सिटी मुंबई में की गई। जिसमें निर्णायक मंडल में रेमो डिसूजा, शक्ति मोहन, पुनीत पाठक, राहुल शेट्टी आदि फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कोरियोग्राफर रहे।

